# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–27 जनवरी 2026 सान्ध्य समाचार

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा है कि दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान कुल एक सौ उन्नीस बैठकें हुयीं, जिनमें लगभग तीन लाख करोड़ के एमओयू हुए हैं। यह उत्तर प्रदेश के लिये एक बड़ी उपलब्धि है। दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमी फोरम के वार्षिक सम्मेलन में शामिल होने के बाद एक पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए श्री खन्ना ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने तीसरी बार इस फोरम में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है।

***हम समझते हैं कि यूपी की जो इमेज है उसकी वजह से उत्तर प्रदेश के पवेलियन में चारो दिन बड़े पैमाने पर भीड़ रही और सारे लोग जिन्होंने एमओयू नहीं भी किया वो भी इन्क्लाइंड थे उत्तर प्रदेश आने को। खास तौर से योगी जी की व्यक्तिगत छवि बहुत अच्छी है उसकी वजह से यह उपलब्धि मिली। माननीय मोदी जी के मार्गदर्शन में बहुत तरक्की कर रहा उत्तर प्रदेश। लगातार इस बात की कोशिश है कि उत्तर प्रदेश में बड़ा से बड़ा इंडस्ट्राइजेशन हो, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिले।***

**********

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। यह दो अप्रैल तक चलेगा। इससे पहले नई दिल्ली के संसद भवन परिसर में आज सर्वदलीय बैठक हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राज्यसभा के नेता जेपी नड्डा, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और सूचना प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन शामिल हुए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश, डीएमके नेता तिरुचि शिवा, तृणमूल कांग्रेस नेता सागरिका घोष और समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव सहित अन्य नेता भी बैठक में उपस्थित रहे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में बरगदवा चौराहे के पास नकहा जंगल–मानीराम स्टेशनों के बीच रेल उपरिगामी पुल का लोकार्पण किया। उन्होंने बरगदवा–कौवाबाग जेल बाईपास के फोर लेन मार्ग पर स्थित खजांची चौराहे के निकट भी फ्लाईओवर का लोकार्पण किया। हमारे गोरखपुर प्रतिनिधि ने बताया कि दोनों विकास कार्यों के लोकार्पण के साथ ही गोरखपुर से सिद्धार्थनगर व महराजगंज के साथ–साथ नेपाल तक की यात्रा और भी सुगम हो गयी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समयबद्ध निस्तारण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निराकरण कराएं।

**********

हाल ही में लखनऊ के प्रसिद्ध आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉक्टर के.के. ठकराल को चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान के लिये पद्मश्री सम्मान देने की घोषणा की गयी है। श्री ठकराल ने पद्मश्री सम्मान मिलने पर प्रसन्नता जतायी और कहा कि यह पुरस्कार मिलना उनके लिये सौभाग्य की बात है–

***ये सौभाग्य की बात है और मेरे माता पिता का आर्शीवाद है। मेरे जो गुरू थे उनके द्वारा दिया गया निर्देशन उनके द्वारा दी गयी शिक्षा उनके द्वारा दिये गये काम करने के नियम, समय पर आना और पूरा काम किये बगैर चिकित्सालय नहीं छोड़ना। उनके इन आदर्शो का ये फल है।***

**********

महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने आज अयोध्या पहुंच कर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला का दर्शन–पूजन किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने श्रीराम मंदिर को भारत की सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया। श्री कोश्यारी को हाल ही में पद्मभूषण सम्मान देने की घोषणा की गयी है।

**********

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए ऑपरेशन सिंदूर पर उसके झूठे बयान को आज खारिज कर दिया। भारत ने स्पष्ट किया कि उसके आंतरिक मामलों, विशेषकर जम्मू–कश्मीर के मामलों पर टिप्पणी करने का पाकिस्तान को कोई अधिकार नहीं है। एक रिपोर्ट–

***संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कड़े शब्दों में भारत ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद का सरकारी नीति के एक साधन के रूप में लगातार इस्तेमाल अस्वीकार्य है। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद में अंतर्राष्ट्रीय विधि के शासन की पुष्टि संबंधी विषय पर हुई खुली बहस के दौरान पाकिस्तान के राजदूत आसिम इफ्तिखार अहमद की टिप्पणियों का जवाब दिया। श्री हरीश ने कहा कि पाकिस्तान का एकमात्र उद्देश्य भारत और उसके लोगों को नुकसान पहुंचाना है। श्री हरीश ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर संयमित और जिम्मेदारीपूर्ण कार्रवाई थी जिसका एकमात्र उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना और आतंकियों को निष्क्रिय करना था। श्री पी हरीश ने कहा कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार और अन्य सभी प्रकार के आतंकवाद को अपना समर्थन समाप्त नहीं कर देता। समाचार कक्ष से प्रियंका अरोड़ा।***

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी जिलों में आज और कल कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने तथा वर्षा की संभावना जताई है।

**********